/

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3119
दिनांक :– 19.12.2024

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निर्देशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– दिनांक 21.12.2024 को गंगा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागिता के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राजेश कुमार, आई0एफ0एस0, प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति, मेरठ के कार्यालय पत्रांकः 2686/5–3 (जि0 गंगा0 समिति), दिनांक 19.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि दिनांक 21.12.2024 को गंगा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागिता किये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि श्री राजेश कुमार, आई0एफ0एस0, प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति, मेरठ द्वारा अपने पत्र दिनांक 19.12.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21.12.2024 को भामाशाह पार्क, मेरठ में अपरान्ह् 02:00 बजे से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने विभागों/महाविद्यालयों/संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को उपर्युक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

19.12.2024

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाइड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)

जिला गंगा समिति, मेरठ

कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग/सदस्य संयोजक
223/1, सिविल लाइन्स , मेरठ (उत्तर प्रदेश)–250001

पत्रांक 2686 /5–3 (जि.गंगा.समिति),दिनांक 19 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

कुलपति,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :– **दिनांक 21.12.2024 को गंगा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागिता के सम्बन्ध में।**

महोदया,

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार निर्देशानुसार जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21.12.2024 को भामाशाह पार्क में अपरान्ह 02:00 वजे से आयोजित होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद मेरठ हापुड लोकसभा श्री अरूण गोविल जी उपस्थित रहेगें। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में जल/कृषि/गंगा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु पद्मश्री पुस्कार से अंलकृत अतिथियों के द्वारा उदबोधन प्रस्तुत किया जायेगा।

उपरोक्त कार्यक्रम हेतु जिला गंगा समिति मेरठ की और से आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिसर अथवा सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राजेश कुमार)
आई.एफ.एस
प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक,
जिला गंगा समिति,मेरठ।

<u>संख्या :–2684 5–3 तद्दिनांकित।</u>
प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
2–कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3–श्री तुषार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, मेरठ।

(राजेश कुमार)
आई.एफ.एस
प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक
जिला गंगा समिति, मेरठ।